an>

Title: Regarding brutal murder of dalits.

डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड़ (लातूर): महोदय, मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। अभी कुछ ही दिन पूर्व महाराष्ट्र में मराठवाड़ा के नज़दीक अहमद नगर जिले में जवखेड़ा गाँव में तीन दलितों की बहुत ही मार्मिक तरीके से हत्या कर दी गयी। उनके हाथ-पैर बुरी तरह से काट दिए गए, लेकिन प्रशासन अभी तक उन दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सका है।

महोदय, महाराष्ट्र में यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले भी खैरलांजी में ऐसे ही दिन दहाड़े दलितों की बुरी तरह से हत्या की गयी थी। इन इलाकों के दलितों के प्रति अत्याचार दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन हत्यारों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: I request the Members not to stand here.

Shri Pratap Simha.